आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 15.02.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- पूर्व सैनिकों के लिए विकासनगर में देश का पहला ऊर्जा तटस्थ ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक शुरू।
- 18 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में सरकार, राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी। प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने कहा— 2024—25 में जी.एस.डी.पी की विकास दर छह दशमलव छह—एक प्रतिशत रहने की संभावना।
- सी.बी.एस.ई. की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं।
- अगले बारह घंटों में राज्य के तीन हजार तीन सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना।

<u>उद्घाटन</u>

पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकासनगर में नवनिर्मित भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलीक्लिनिक भवन का उद्घाटन किया गया। उत्तराखंड सब एरिया के मेजर जनरल आर. प्रेम राज ने इसका लोकार्पण किया। यह देश का पहला ऊर्जा तटस्थ पॉलीक्लिनिक है, जहां सौर ऊर्जा और वर्षा जल संचयन प्रणाली जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। भारतीय सेना, सीपीडब्ल्यूडी, जल निगम और यूपीसीएल के संयुक्त प्रयासों से यह भवन रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ।

उद्घाटन अवसर पर मेजर जनरल प्रेम राज ने कहा कि भारतीय सेना वेटेरन्स और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड उप क्षेत्र में कुल 22 ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक संचालित हैं और सेना दूरदराज के इलाकों तक भी इन सेवाओं के विस्तार के लिए प्रयासरत है।

विकासनगर पॉलीक्लिनिक में डेंटल चेयर, कंप्यूटर आधारित एक्स—रे, प्रयोगशाला, आपातकालीन कक्ष, फिजियोथेरेपी उपकरण, फार्मेसी और दो चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध होंगे। यह केंद्र उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लगभग सात हजार तीन सौ पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को सेवा प्रदान करेगा, जिसमें त्यूनी, चकराता, लांघा, सेलाकुई, शिलाई और पोंटा साहिब जैसे दूरदराज के क्षेत्र भी शामिल हैं।

बजट सत्र

उत्तराखंड सरकार आगामी 18 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी, जिसमें प्रदेश की आर्थिक प्रगति को दर्शाया गया है। प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूती की ओर बढ़ रही है और 2024–25 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद– जी. एस.डी.पी की विकास दर छह दशमलव छह–एक प्रतिशत रहने की संभावना है।

राज्य की जी.एस.डी.पी पिछले साल 3 लाख 32 हजार करोड़ रुपये थी, जो अब 3 लाख 78 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। प्रमुख सचिव ने बताया कि राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। लोक प्रशासन और सेवा क्षेत्र में 13 दशमलव पांच एक प्रतिशत, निर्माण उद्योग में 12 दशमलव शून्य आठ, मत्स्य पालन में नौ दशमलव तीन नौ और और खनन क्षेत्र में साढ़े सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

उत्तराखंड में प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 46 हजार रुपये थी, जो अब बढ़कर 2 लाख 76 हजार रुपये हो गई है। यह राष्ट्रीय औसत से अधिक है, जो राज्य की आर्थिक मजबूती को दर्शाता है।

सरकार के अनुसार, विभिन्न विकास योजनाओं और बुनियादी ढांचे में किए गए निवेश का सकारात्मक असर राज्य की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। आगामी बजट में विकास की इस गति को और तेज करने के लिए नई नीतियों पर जोर दिया जाएगा।

एक दिन का एसडीएम

अल्मोड़ा जिले के ताड़ीखेत विकासखंड के स्कूलों में मिशन नवचेतना के तहत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में जी०आई०सी चौमूधार के 11वीं के छात्र अंकित बिष्ट ने टॉप किया और उन्हें एक दिन का सांकेतिक उपजिलाधिकारी बनाया गया।

अंकित बिष्ट ने कहा कि एक दिन के लिये एसडीएम बनना उनके लिए बहुत गर्व की बात है और ये मात्र एक कुर्सी नहीं ये एक बहुत बड़ा पद है।

वहीं, संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने बताया कि छात्रों को शिक्षण के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये यह पहल की गई है।

## शपथ

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीश आलोक मेहरा को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र ने कल पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मेहरा के शपथ ग्रहण के बाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या 9 हो गई है।

## सी.बी.एस.ई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी.बी.एस.ई. की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। इस परीक्षा में देश और विदेश में 42 लाख से अधिक विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है और इसके लिये सात हज़ार आठ सौ 42 केंद्र बनाये गये हैं। एक रिपोर्ट...

## राष्ट्रीय खेल समापन

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों का कल शाम सफल समापन हो गया। यह आयोजन खेलों के उच्च मानकों और 'ग्रीन गेम्स' की अवधारणा को साकार करने के लिए याद किया जाएगा। देशभर से आए दस हजार से अधिक खिलाड़ियों ने 36 खेलों की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया, जिसमें उत्तराखंड ने बेहतरीन खेल सुविधाएं और प्रबंधन उपलब्ध कराकर अपनी क्षमता साबित की। एक रिपोर्ट–

## मौसम

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज सुबह से ही बादल छाये हुये हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले बारह घंटों के दौरान राज्य में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही राज्य के तीन हजार तीन सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी की संभावना भी है। हालांकि उम्मीद जताई गई है कि कल राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ बना रहेगा।

## बीएसएनएल मुनाफा

सरकारी स्वामित्व वाले भारत संचार निगम लिमिडिट (बीएसएनएल) ने वित्त वर्ष 2024–25 की तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रूपये का मुनाफा कमाया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत बनाने और आमजन के लिए टेलीफोन सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले 17 वर्षों में पहली बार बीएसएनएल ने एक तिमाही ने सर्वाधिक मुनाफा कमाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार टेलीकॉम सेक्टर डिजिटल इंडिया के भविष्य का मार्ग बनेगा।

<u>जिला योजना</u>

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कल देहरादून में जिला योजना 20–सूत्री कार्यक्रम एवं खनिज न्यास की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रगति शत प्रतिशत बढ़ाने के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र की एक करोड़ रुपए तक की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रस्ताव जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करें। श्री उनियाल ने विभागीय अधिकारियों को 31 मार्च से पूर्व अपनी प्रगति शत प्रतिशत पूरा करने को कहा।